तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

10 संडी कांग्रेस बूथ स्तर को मजबूत करने में जुटी ...



12 सकलोर में पोषण माह समारोह में कुपोषण ...





पांच मीटर तट बहा ले गई महानदी, 18 घंटे पानी में डूबा रहा मोहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

पिछले दिनों प्रदेशभर में हुई जोरदार बारिश और गंगरेल बांध से महानदी में छोड़े गए पानी के बाद नदी तट से लगे गांवों में बाढ़ ने भारी असर डाला। पलारी तहसील के अमेठी, मोहान और बिजराडीह सहित कई गांव बाढ़ की चपेट में आए। बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब नदी के कटाव ने मोहान गांव के लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। इस बार महानदी करीब 5 मीटर तट को अपने साथ बहा ले गई। महानदी में आई बाढ़ के कारण मोहान गांव करीब 18 घंटे तक बाढ़ के पानी से घिरा रहा। ग्रामीणों के मुताबिक पानी कम होने के बाद जब नदी का जलस्तर नीचे आया तो कटाव का असर साफ दिखाई दिया। नदी का करीब पांच मीटर तट फिर बह गया। इससे गांव का मुक्तिधाम भी कटाव के और करीब पहुंच गया है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने करीब 700 ग्रामीणों को भवानीपुर राहत शिविर में शिफ्ट करने की तैयारी की थी। हालांकि महानदी का जलस्तर धीरे-धीरे कम होने लगा, जिसके चलते ग्रामीणों को राहत शिविर में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। लेकिन पानी उतरने के बाद नदी अपने पीछे कटाव का नया खतरा छोड़ गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से महानदी के कटाव को रोकने के लिए स्थायी और ठोस सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि हर साल बाढ़ के बाद केवल नुकसान का जायजा लेने के बजाय कटाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाना जरूरी है।

40 साल से कटाव का दंश झेल रहा गांव, अब मुक्तिधाम भी नदी के निशाने पर



40 साल से कटाव का दंश झेल रहा गांव

ग्रामीणों का कहना है कि मोहान गांव में महानदी का कटाव आज की समस्या नहीं है। पिछले करीब 40 वर्षों से ग्रामीण लगातार कटाव का दंश झेल रहे हैं। हर बड़ी बाढ़ के बाद नदी गांव की ओर बढ़ती जा रही है और तट का हिस्सा बहता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अब नदी और गांव के बीच की दूरी लगातार कम होती जा रही है। मुक्तिधाम भी कटाव की जद में आता जा रहा है। यदि समय रहते कटाव रोकने के लिए मजबूत और स्थायी तटबंध का निर्माण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

खबर संक्षेप

आपदा पीड़ति 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजनों में कमला बाई पति स्व. बहुर सिंह ध्रुव निवासी असनींद, तहसील कसडोल, सूरज चेलक पिता बनसराम चेलक निवासी कटगी, तहसील कसडोल एवं सुकवारा बाई वर्मा पति राजकुमार, निवासी ग्राम पुलेनी तहसील टुण्डरा शामिल है। पीड़तिों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली गिरने, नाला, महानदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

गैस वितरण वाहनों में अब बजेगा जागरूकता गीत



बलौदाबाजार। एलपीजी गैस सिलेंडर के इस्तेमाल के दौरान बरती जाने वाली लापरवाहियों और उससे होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने एक अनूठी पहल की है। अब जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों के वितरण वाहनों (डिलीवरी वाहनों) में सुरक्षा जागरूकता गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर अनिवार्य रूप से बजाया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार खाद्य अधिकारी पुनीत राम के द्वारा जिले के सभी गैस एजेंसी संचालकों को अपने डिलीवरी वाहनों में यह सुरक्षा गीत बजाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से प्राप्त पत्र के अनुपालन में जारी किया गया है।

जागरूकता फैलाने का उद्देश्य : गैस सिलेंडर लेते समय उपभोक्ताओं द्वारा अक्सर सील और वजन की जांच करने में अनदेखी की जाती है, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एलपीजी सुरक्षा मानकों, सील जांच और वजन संबंधी जानकारियों के प्रति जागरूक करना है ताकि संभावित हादसों को टाला जा सके।

कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

पीएम आवास की पहली किस्त जारी, एक सप्ताह में काम शुरु करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किश्त की राशि जारी होने के कई महीने बाद भी आवास निर्माण प्रारम्भ नहीं होने की स्थिति को गंभीरतापूर्वक लेते हुए अगले सप्ताह प्रारम्भ करने एवं 15 अक्टूबर तक़ कोई भी आवास अप्रारम्भ की स्थिति मे ना रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी स्थान पर आवास प्रारम्भ नहीं होने पर रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक की जिम्मेदारी होगी। आवास निर्माण प्रारम्भ करने एवं पूरा करने मे हितग्राहियों को लगातार प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अब बारिश लगभग समाप्त हो गया है और आवास सहित अन्य निर्माण कार्य मे तेजी लाने का उपयुक्त समय है। सभी जनपद एक माह का कार्ययोजना बनाए जिसमें पीएम आवास एवं स्कूलों मे बालिका शौचालय, मुक्तिधाम निर्माण की प्रगति हो। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन तकनिकी सहायकों के द्वारा 82 प्रतिशत से कम आवास निर्माण का प्रगति है उन्हें नोटिस जारी किया जाए।



कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा छत की स्लोप का भी ध्यान रखे ताकि छत मे पानी न रुके। इसके साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण भी कराएं। उन्होंने वीबी- जीरामजी अंतर्गत ग्राम पंचायतों मे अधिक से अधिक रोजगारमूलक कार्य शुरू करने और मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने कहा। एनआरएलएम अंतर्गत गांव मे घर घर ⏭शेष पेज 10 पर

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम व अन्य कार्यालयों का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित कोषालय के डबल लॉक स्ट्रांग रूम सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए विभिन्न मूल्यों के ज्यूडिशियल एवं नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, टिकट, फार्म का अवलोकन कर पंजियों में की गई प्रविष्टि का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी से स्ट्रांग रूम में उपलब्ध विभिन्न मूल्यों के न्यायिक एवं गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर तथा रसीदों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर शर्मा ने सेवा सेतु केन्द्र मे केन्द्र संचालक से प्रतिदिन आवेदनों की संख्या व प्रमाण पत्र प्रदाय करने में लगने वाले समय की जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षक कार्यालय मे आवक-जावक पंजी, पत्रों पर मार्किंग का अवलोकन किया। अपर कलेक्टर कोर्ट में ई -कोर्ट में प्रकरणों की एंट्री एवं निराकरण के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



एसएनए स्पर्श प्रशिक्षण में अनुदान व भुगतान प्रक्रिया की दी जानकारी




खरोरा। विकासखंड तिल्दा की शासकीय शालाओं के संस्था प्रमुखों एवं संकुल समन्वयकों के लिए एसएनए स्पर्श प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न अनुदान राशि के उपयोग, बिलिंग तथा वेंडर भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर सतीशचंद्र साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से एसएनए स्पर्श पोर्टल की प्रक्रिया को समझाते हुए राशि आहरण, बिलिंग एवं भुगतान संबंधी व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षण के प्रारंभ में नरोत्तम ध्रुव ने एसएनए स्पर्श से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। संकुल समन्वयक तरपोंगी कौशल वर्मा ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान ⏭शेष पेज 10 पर

संडी शराब दुकान को लेकर फिर शिकायतें, विधायक ने देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

पलारी ब्लॉक के संडी गांव में करीब दो दशक बाद शुरू हुई शासकीय शराब दुकान को लेकर फिर शि का य तें सामने आई हैं। मंगलवार को क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे वि धा य क संदीप साहू से ग्रामीणों ने शराब पर निर्धारित कीमत से अधिक राशि लेने और दुकान के आसपास विवाद की शिकायत की।

- कर्मचारियों को तय दर पर शराब बेचने के निर्देश



शिकायत के बाद दुकान पहुंचे विधायक

ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक संदीप साहू जनप्रतिनिधियों और व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ शराब दुकान पहुंचे। उन्होंने व्यवस्थाओं और बिक्री प्रक्रिया का जायजा लिया। जांच के दौरान मौके पर ओवररेटिंग नहीं मिली। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी इस तरह की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। अगस्त में भी आबकारी विभाग से शिकायत की गई थी।

आबकारी निरीक्षक से ली रेट की जानकारी

विधायक ने आबकारी निरीक्षक से फोन पर गोवा और बीयर की निर्धारित कीमत की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को तय दर से अधिक राशि नहीं लेने और सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रखने के निर्देश दिए।वहीं ग्रामीणों ने ओवररेटिंग का विरोध करने पर विवाद और मारपीट का आरोप लगाया। उनका कहना है कि दुकान के आसपास बाहरी लोगों का जमावड़ा रहता है, जिससे शाम के समय माहौल बिगड़ता है। इससे पहले दुकान में नकली और मिलावटी शराब की शिकायत पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। विधायक ने नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। मौके पर जनप्रतिनिधि और व्यापारी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी आबकारी निरीक्षक माराखन नेताम ने कहा की संडी शराब दुकानों की कर्मचारियों सख्त हिदायत दी गई है की किसी प्रकार की ओवररेटिंग का मामला सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पीएम आवास के 10 हितग्राहियों को सौंपे स्वीकृति पत्र

वडनगर से वाराणसी निकली सेवा यात्रा बाइकर्स का सिमगा में हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा यात्रा वडनगर से वाराणसी के लिए निकली यह बाइक रैली के सिमगा पहुंचने पर बाइकर्स का पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडेय, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, केजू बघेल मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, प्रभारी राकेश तिवारी, एल्डरमेन अभिजीत अवस्थी के नेतृत्व में नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। पुलिस थाना के पीछे स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान हितग्राहियों के चेहरों पर पक्के आवास का सपना पूरा होने की खुशी साफ नजर आई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही घनश्याम सोनकर ने आवास की स्वीकृति पत्र मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। बारिश के दिनों में परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उन्हें पक्का मकान मिलेगा।



सेवा यात्रा के माध्यम से जनसेवा और लोककल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को पक्का आशियाना ⏭शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप



मोक्षधाम समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे नपा अध्यक्ष अशोक जैन

बलौदाबाजार। रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम की व्यवस्था एवं संचालन को सुचारू बनाने के लिए नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं समिति के वरिष्ठ सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोक्षधाम समिति के नवीन पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। निर्णय के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे, जबकि नगर पालिका के सभी पार्षद पदेन सदस्य होंगे। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में दिनेश वर्मा एवं मुरारी साहू को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं नंदकुमार साहू को कोषाध्यक्ष, सभापति जितेंद्र डडसेना को सचिव, अभिषेक तिवारी को उपाध्यक्ष तथा नीलम दीक्षित को सहसचिव बनाया गया है। संरक्षक के रूप में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, अरविंद शुक्ला, रमेश मिश्रा, श्याम सुंदर केसरवानी एवं प्रमोद साहू (बबलू) को शामिल किया गया है। समिति में जितेंद्र महाले, संजय नारायण केशरवानी, नवनीत अग्रवाल, हरजीत सिंह सलूजा, मनोज कांत पुरैना, कन्हैया सेन, आदित्य गुप्ता, रोहित साहू, सतीश पटेल, शेखर गुप्ता, शशि भूषण शुक्ला, प्रदीप माहेश्वरी, राजेश केसरवानी (बाबा), लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, अमित केसरवानी (चित्तू) एवं शंकर दुलानी को सदस्य मनोनीत किया गया है।

त्योहारों से पहले स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराने की मांग

बलौदाबाजार। आगामी तीज-त्योहारों, नवरात्रि एवं दीपावली को देखते हुए नगर की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग को लेकर



नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद शेख सलमान ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन सौंपा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय होने के कारण त्योहारों के दौरान नगर के बाजारों, प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में सुचारु प्रकाश व्यवस्था नागरिकों की सुविधा और रात्रिकालीन आवागमन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। नगर के कई स्थानों पर एलईडी एवं स्ट्रीट लाइटें बंद अथवा खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। शेख सलमान ने प्रमुख मार्गों पर लगी एलईडी लाइटों का तत्काल निरीक्षण कराने तथा वारंटी अवधि वाली लाइटों की संबंधित फर्म अथवा ठेकेदार से नियमानुसार मरम्मत या प्रतिस्थापन कराने की मांग की। साथ ही बाजार क्षेत्रों, चौक-चौराहों एवं गली-मोहल्लों की खराब स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता से सुधारने का आग्रह किया।

सिंधोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में मातृ और शिशु स्वास्थ्य और पोषण पर संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंधोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभू सिंह डहरिया तथा विशिष्ट अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा और ग्राम पंचायत सिंधोरा के सरपंच दयाल महेश्वर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शंभू सिंह डहरिया ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी भेजने तथा समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा ने गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य, संतुलित एवं प्रोटीनयुक्त आहार और बच्चों के समय पर टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी।

सरपंच दयाल महेश्वर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ, खुशहाल एवं सीखने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कुपोषित बच्चों को एनआरसी में उपचार कराने, रेडी-टू-ईट का नियमित सेवन करने तथा कुपोषण से बचाव के लिए घर-घर मुनगा लगाने की अपील की।

महिलाओं को आगे बढ़ाने विभिन्न योजनाओं का संचालन



गोद भराई की रस्म हुई

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, खीर-पूड़ी वितरण तथा मितानिनों द्वारा गर्भवती एवं धात्री माताओं को मच्छरदानी वितरण किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। संचालन भाजपा जिला मंत्री धर्मेंद्र चंद्राकर ने किया।

चुनाव प्रक्रिया में वोट चोरी और स्मार्ट मीटर से अधिक बिजली बिल के मुद्दे उठे

संडी कांग्रेस बूथ स्तर को मजबूत करने में जुटी, बैठक में मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

पलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संडी मंडल में मंगलवार को कांग्रेस की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां और दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समक्ष चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों से जुड़े मुद्दे उठाए जाने और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर भी चर्चा हुई।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने प्रत्येक मंडल में नियमित बैठकें आयोजित करने और कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में जुटने का आह्वान किया। साथ ही आगामी 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर अभी से संगठन को मजबूत करने की बात कही।



यह रहे उपस्थित

संडी मंडल प्रभारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने स्मार्ट मीटर से जुड़े अधिक बिजली बिल की शिकायतों का मुद्दा उठाया। बैठक में गिधपुरी प्रभारी अश्वनी वर्मा, संडी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र माहेश्वरी, बिसेसर वर्मा, पिंटू वर्मा, नीलकमल आजाद, कुमार साहू, जितेंद्र साहू, ईश्वर चंद्रवंशी, रूपेंद्र चतुर्वेदी, किशोर नवरंग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सकरी में आंगन मिलन व खेलकूद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत ग्राम सकरी प के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन का मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता माँ सरस्वती की छायाचित्र पर पूजार्चना कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडल पलारी पवन वर्मा थे। महिलाओं के आत्मसम्मान और उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं जिसमें महिलाओं को महतारी वंदन का एक हजार रूपये प्रति माह दिया जा रहा है प्रसव से लेकर माता एवं शिशु का देखभाल सरकार लगातार करता आ रहा हैं। वही इस कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया । आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का श्रीफल व सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। महिलाओं व बच्चों के लिए रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता अयोजित की गई। कुर्सी दौड़ व बिस्किट प्रतियोगिता कराया गया महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। गांव की एक दीदी ने अपने बच्चों के बड़े हो जाने के पश्चात अपने बच्चों की खिलौने को आँगनबाड़ी में दान किया। पर्यावरण एवं पोषण के संदेश के साथ 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान के तहत मुनगा (सहजन) के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच सकरी प कुलदीपक खन्ना, उपसरपंच खिलेश्वरी वर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता दुर्गा प्रसाद वर्मा, मीडिया स्कूल शिक्षकगण सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सहित पंच एवं ग्रामीण बंधु उपस्थित रहे।

राजीव गांधी महाविद्यालय में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य बीरू लाल बरगाह द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। प्राचार्य बरगाह के द्वारा सारगर्भित उद्बोधन में हिंदी को भारत की सांस्कृतिक सेतु बताते हुए भारत की गौरव एवं महानता का प्रतीक बताया। डॉ. रणजीत सिंह ने आजादी के पश्चात बहुभाषी देश में खड़ी बोली की मानवता, सरलता, व्यापकता, लोकप्रियता को राजभाषा हिंदी घोषित करने का कारण बताया। संगीता मैडम ने हिंदी को जनमानस की अभिव्यक्ति व जुड़ाव का सरलतम एवं श्रेष्ठतम रूप बताया। छात्र-छात्राओं ने भी हिंदी दिवस में अपना विचार व्यक्त करते हुए हिंदी की लोकप्रियता को सराहते हुए हिंदी को भारत की आन -बान-शान का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में डॉ.हरीश साहू सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, डॉ.रणजीतसिंह सहायक प्राध्यापक हिंदी, संगीता साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी उपस्थित रहे। एम.ए. हिंदी की राधा साहू, रानी मारकंडे, राजकुमारी साहू, दिशा वर्मा, वैशाली वर्मा, सोनम तिवारी, रिया चतुर्वेदी की भी सहभागिता रही। प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

महिलाओं और बच्चों के लिए नेवता भोज व सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

ग्राम पंचायत भवानीपुर के सेक्टर वटगन में आंगन के उत्सव एवं आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों एवं महिलाओं के लिए नेवता भोज रखा गया।

इस दौरान समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को श्रीफल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के लिए रंगोली, मेहंदी, बिंदी और कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में महिला आवास, महतारी वंदन, शौचालय, नल-जल, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लाभार्थी महिलाओं से संवाद कर योजनाओं के लाभ साझा किए गए। पर्यावरण एवं पोषण संरक्षण के लिए 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान के तहत सहजन पौधे लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पलारी अध्यक्ष सविता यादव, अध्यक्षता सदस्य अनुसूईया चंद्राकर तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल रोहांसी अध्यक्ष विजय कोशले रहे। कार्यक्रम में सरपंच प्रेमीन लहरे सहित जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

टुण्डरा के आंगनबाड़ी में हुआ आंगन मिलन समारोह



गिधौरी। महिला एवं बाल विकास परियोजना कसडोल अंतर्गत आंगनबाड़ी सेक्टर टुण्डरा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 30 सितंबर बुधवार को आंगन मिलन समारोह का भव्य आयोजन नगर के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों महिलाओं तथा स्थानीय समुदाय को पोषण, शिक्षा, मातृ-शिशु सुरक्षा ,स्वास्थ्य, बच्चों के प्रारंभिक विकास और समुदाय की अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों, माताओं और स्थानीय अभिभावकों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया समाज के अंतिम छोर तक पोषण और शिक्षा का संदेश पहुँचाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से छत्तराम साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत टुण्डरा, राजकुमारी साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत टुण्डरा, दुर्गेश साहू अध्यक्ष भाजपा मण्डल टुण्डरा, रामप्रसाद साहू, मंडी अध्यक्ष टुण्ड्रा, संतराम पटेल महामंत्री, साधराम प्रजापति महामंत्री, रामकुमारी साहू अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा मण्डल टुण्डरा, महेंद्र सिंह बारले सभापति एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, सत्यनारायण पटेल सभापति, प्रभा हेमलाल बंजारे, राहुल बारले पार्षद, पूरन साहू , लक्ष्मीन केवट, नागेन्द्र देवांगन, राजकुमारी साहू, राजा वर्मा जनपद सदस्य सहित नगर के सभी जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम संपन्न

खरोरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 07 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 12 में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संबंध में पूर्व नगर पंचायत



अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर सुनीता अनिल सोनी, सुमित सेन, जय प्रकाश वर्मा, पुणेंद्र पाध्याय, तामेश्वर मरकाम, शेखर वर्मा, राम खिलावन पाटकर, रामकुमार कोसरिया सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता देवांगन, मीरा कोसरिया एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

35 वर्ष की सेवा के बाद एएसआई दिनेश शुक्ला सेवानिवृत्त



बलौदाबाजार। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस विभाग में 35 वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद सहायक उप निरीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए। दिनेश कुमार शुक्ला ने 9 सितंबर 1991 को पीटीएस माना, रायपुर से पुलिस विभाग में सेवा शुरू की थी। उन्हें 14 फरवरी 2009 को प्रधान आरक्षक तथा 31 दिसंबर 2021 को सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के लिए प्रशंसा की। इस दौरान शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त एएसआई के परिजन उपस्थित रहे।

समिति के कार्यों, उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजनाओं पर हुई चर्चा

कृषि साख सहकारी समिति कसडोल की वार्षिक आमसभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कसडोल, पंजीयन क्रमांक 1545 की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन बुधवार 30 सितंबर को समिति कार्यालय कसडोल (कांटीपारा) में किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक शाखा कसडोल के शाखा प्रबंधक आर.के. जायसवाल, प्राधिकृत अधिकारी नन्द कुमार धीवर, वरिष्ठ किसान उमेंद राम साहू, जितराम यादव एवं आशीष मिश्रा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा समिति प्रबंधक किशन पटेल समिति के सम्माननीय सदस्य एवं कृषक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

वार्षिक आमसभा के दौरान समिति के वर्ष 2025-26 के वार्षिक प्रतिवेदन का पठन एवं अनुमोदन, वित्तीय पत्रक तथा अंकेक्षण टीप



का अवलोकन एवं अनुमोदन सहित समिति के शुद्ध लाभ के विभाजन पर चर्चा की गई। वहीं संचालक मंडल द्वारा स्वीकृत आय-व्यय का अनुमोदन तथा जिला सहकारी बैंक शाखा कसडोल से विभिन्न प्रयोजनों के लिए ऋण प्राप्त करने के संबंध में अधिकृत करने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए समिति का अंकेक्षण कराने, विकास कार्यक्रम तथा अनुमानित आय-व्यय लेखा के अनुमोदन पर भी चर्चा हुई। मृत सदस्य कृषकों के हिस्सा एवं अमानत राशि उनके उत्तराधिकारी के खाते में स्थानांतरित कर सदस्यता समाप्त करने तथा पुनर्गठन योजना 2025 के अंतर्गत नवीन समिति के गठन एवं बंटवारे से संबंधित विषय पर भी सदस्यों ने विचार रखे।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने समिति के विकास, कृषकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सहकारी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अंत में अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की गई। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

घनश्याम सोनकर को मिला पीएम आवास का स्वीकृति पत्र पक्के मकान का सपना पूरा

बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान के तहत जरूरतमंद परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का सिलसिला



लगातार जारी है। इसी क्रम में सिमगा के वार्ड 1 निवासी घनश्याम सोनकर को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ।

आवास की स्वीकृति मिलने पर श्री सोनकर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पक्के घर का सपना अब पूरा होने की उम्मीद जगी है। उन्होंने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी है।

पेज 09 के शेष...

पीएम आवास की ...

कचरा संग्रहण को मजबूत करने के लिये पहले सभी जनपदों मे 5-5ग्राम पंचायतों का चयन कर उन्हें मॉडल पंचयात बनाने कहा। इसके साथ ही सेग्रीगेशन सेंटर को क्रियाशील करने, बिहान अंतर्गत सामूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने विभिन्न गतिविधियों शुरू करने केभी निर्देश दिये। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित जनपद सीईओ, आरईएस के इंजीनियर, तकनिकी साहयक उपस्थित थे।

एसएनए स्पर्श प्रशिक्षण ...

संस्थाप्रमुखों एवं शिक्षकों ने राशि आहरण, बिलिंग और वेंडर भुगतान से संबंधित सवाल पूछे, जिनका मास्टर ट्रेनर ने समाधान किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंह एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

वडनगर से वाराणसी...

मिलने से उनके जीवन में स्थायित्व और खुशियां आ रही हैं। उक्त अवसर पर अविनाश शर्मा, एल्डरमैन परस पाटकर, प्रशांत देवांगन, छोटू यादव, हेम सिंह चौहान, राहुल साहू, सचिन जैन, नीरज शर्मा, कमलेश साहू, आदि उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

नशा करने से मना करने पर मारपीट

महासमुंद। नशा करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट बसना थाने मे दर्ज कराई गई है। वार्ड नं 11 फोकटपारा बसना निवासी विकास कुमार मेश्राम 29 सितंबर की शाम नायक शमशान घाट के पास अपने भाई सोनू मेश्राम को नशा करने से मना करते हुए समझा रहा था। तभी वहां उपस्थित धरमू सोनी और सोनू मेश्राम ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी।

शराब बेच रहे दो गिरफ्तार

महासमुंद। शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में बसना पुलिस ने दो लोगों पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि छोटा नाला के पास ग्राम पथरला पास आरोपी तिलकराम बरिहा पिता सुंदरसिंह बरिहा जबलपुर और पिरदा मोड़ गोडमर्रा तालाब के पास विपिन यादव के कब्जे से शराब जब्त किया गया है।

दो लोगों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। बसना में दो लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बसना निवासी विजय कुमार पटेल ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह करीब 09.30 बजे घर से ऑफिस जाने के लिए निकला तो देखा कि उसके कार में सीमेंट का छींटा लगा हुआ था।, जिस पर उसने बाजू में अपने मकान में सीमेंट से प्लास्टर करवा रहे को मना किया गया तो मील प्रसाद एवं नितेश पटेल ने गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान उसके चाचा की लड़की दीक्षा पटेल ने मील प्रसाद, नितेश पटेल, बनीता पटेल से पूछा कि उसके घर का दरवाजा क्यों ले गये हो, इस पर तीनों ने गाली गलौज करते हुए दीक्षा के साथ भी मारपीट कर दी।

सियार ने सात लोगों को काटा, दहशत में लोग

महासमुंद। नगर में सियार ने अलग-अलग स्थानों पर सात लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में 3 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक, सियार ने सबसे पहले शिवानंद कॉलोनी में घर के बाहर बैठी एक महिला को अपना निशाना बनाया। इसके बाद भाजपा कार्यालय के पास आयोजित एक निजी कार्यक्रम में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। घायलों में रायपुर से एक निजी कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए महासमुंद आए तीन लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इलाके में करीब 5 से 6 सियार होने की आशंका जताई जा रही है। घायलों में सुशीला सिंह (64) शिवानंद कॉलोनी निवासी, प्रेमलता पटेल (27) वार्ड नं 27 निवासी, आयुषी बीटीआई रोड निवासी, आकाश पंचतरू (24) सरोना रायपुर निवासी, लवेश निषाद (24) वार्ड नं 22 निवासी, जीवराखन यादव (51) नकटा रायपुर निवासी और राजेश राजपूत (39) सरोना रायपुर निवासी शामिल हैं।

गढ़फुलझर सहकारी समिति में नियुक्ति को लेकर उठे सवाल, शिकायत के बावजूद नहीं हुई कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गढ़फुलझर, पंजीयन क्रमांक 1350 में कर्मचारियों की नियुक्ति और वेतन आबंटन को लेकर विवाद की स्थिति सामने आई है। नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप लगाए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों और आवेदकों में नाराजगी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी करते हुए कथित तौर पर मनमाने तरीके से नियुक्तियां की गई हैं। उनका कहना है कि समिति के विभाजन के बाद पहले से कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में प्रक्रिया तय की जानी थी, लेकिन उनकी स्थिति स्पष्ट किए बिना नई नियुक्तियां कर दी गईं।

1350 में कर्मचारियों की नियुक्ति और वेतन आबंटन को लेकर विवाद, लोगों में नाराजगी

ब्रांच मैनेजर ने कहा: शिकायत स्पष्ट नहीं, दस्तावेज मिलने पर होगी जांच

इस मामले में ब्रांच मैनेजर चौरसिया का कहना है कि अभी तक उन्हें स्पष्ट शिकायत या संबंधित दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं। दस्तावेज मिलने के बाद मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा कर्मचारियों का चयन किया जाता है और बैंक मैनेजर की नियुक्ति प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं होती।



कार्रवाई की मांग

आवेदकों और स्थानीय लोगों ने समिति में हुई नियुक्तियों तथा वेतन आबंटन की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पुराने कर्मचारियों की स्थिति, नए नियुक्त कर्मचारियों की पात्रता और चयन प्रक्रिया की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए। साथ ही यदि नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाना चाहिये। फिलहाल मामला जांच और संबंधित दस्तावेज सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

आवेदकों के अनुसार कर्मचारियों में टंकेश्वर साव कंप्यूटर ऑपरेटर, उमेश साव विक्रेता, पुरुषोत्तम साव रात्रिकालीन चौकीदार तथा नेमीचंद चपरासी के रूप में कार्यरत थे। आरोप है कि बरोली क्षेत्र के चार लोगों को नियुक्त कर दिया गया। वहीं केंवटापाली और आमाभौना क्षेत्र के आवेदकों को नियुक्ति का अवसर नहीं मिलने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नियुक्तियों में एक ही क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकता दी गई। यह पूरी तरह से गलत है। इस मामले में समिति के सीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कुछ आवेदकों का कहना है कि सीईओ के साथ इस विषय पर बैठक हो चुकी थी, जबकि दूसरी ओर सीईओ को मामले की पूरी जानकारी नहीं होने की बात सामने आई है।

सफलता की कहानी : मोहगांव स्कूल टीम की मेहनत व मार्गदर्शन का मिला लाभ

मोहगांव प्राथमिक शाला के 10 बच्चों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सेवा संकल्प के तहत जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में हुआ है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा अभिभावकों और विद्यालय समुदाय के सहयोग का परिणाम है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा का महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराती है। ऐसी प्रतियोगी परीक्षा में एक साथ 10 विद्यार्थियों का चयन शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के लिए गौरव का विषय है और क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सेवा संकल्प अंतर्गत विद्यालय में पिछले तीन वर्षों में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में कुल 43 बच्चों का चयन हुआ है। वर्ष 2026 में 10 विद्यार्थियों का चयन इस निरंतर उपलब्धि की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह परिणाम नियमित अभ्यास, विद्यार्थियों को समय पर मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। वर्ष 2026 में चयनित 10 विद्यार्थी में युवराज पटेल, भावना प्रधान, प्रकृति प्रधान, नितिन नायक, चेतना मुटकिया, असंख्य कुमार भोई, साहिल सिंह सिदार, पथिका प्रधान, दीक्षा साहू एवं तुषार दास मानिकपुरी शामिल है।

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान को उनके शैक्षणिक एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण वर्ष 2017 तथा राज्यपाल पुरस्कार वर्ष 2022 से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान उनके शैक्षणिक नेतृत्व, विद्यार्थियों के प्रति समर्पित कार्य तथा विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्माण के प्रयासों की महत्वपूर्ण पहचान हैं। प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निरंतर प्रेरित किया गया। बच्चों की क्षमता को पहचानते हुए नियमित अभ्यास, प्रश्नों को समझने की क्षमता, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास विकसित करने पर ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं अभ्यास के लिए प्रेरित करना। प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नों के स्वरूप से बच्चों को परिचित कराना। विद्यार्थियों की कठिनाइयों की पहचान कर अतिरिक्त समझाइश देना। अभ्यास के माध्यम से समय प्रबंधन एवं प्रश्न हल करने का आत्मविश्वास बढ़ाना। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करना।

विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर नियमित ध्यान दिया गया तथा अभ्यास और मार्गदर्शन के माध्यम से उनकी तैयारी को मजबूत किया गया। विद्यार्थियों को केवल परीक्षा की तैयारी तक सीमित न रखते हुए अनुशासन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के साथ-साथ परिवार और समुदाय की सहभागिता भी महत्वपूर्ण रही। अध्ययन के लिए सकारात्मक वातावरण, नियमित उपस्थिति और परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहन ने बच्चों की तैयारी को मजबूत किया। बच्चों को कई संगठनों से मिले इस सम्मान से उनमें आत्मविश्वास बढ़ा तथा अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत, नियमित अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरणा मिली। विद्यालय की उपलब्धि को समुदाय द्वारा मिला यह प्रोत्साहन शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण को और मजबूत करता है।

कृषि विज्ञान केंद्र में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र, में 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दिया जलाकर किया गया। 18 को अधिकारियों/कर्मचारियों एवं किसानों द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में स्वच्छता की शपथ ली गई। कार्यक्रम के दौरान केंद्र परिसर के अलग-अलग हिस्सों में साफ-सफाई की गई। वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने मिलकर परिसर को स्वच्छ बनाया और लोगों को आसपास का वातावरण साफ रखने का संदेश दिया। ग्राम-चौरेंगा ब्लॉक सिमगा एवं ग्राम राजाढार ब्लॉक भाटापारा में सफाई अभियान चलाया गया। स्कूल में छात्र-छात्राओं को केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा साफ सफाई की शपथ दिलायी गई। वैज्ञानिक डॉ. स्वाति ठाकुर मिर्झा द्वारा स्वच्छ वातावरण का कृषि, मानव स्वास्थ्य तथा ग्रामीण जीवन पर पढ़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शासकीय स्थानीय विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस पूरे कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारीगण, कर्मचारियों, अस्थाई कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

99 लीटर शराब और 1315 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 99 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1315 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया है।

आबकारी वृत्त बसना क्षेत्र में ग्राम सुखापाली में कार्रवाई के दौरान टिके बाई रत्नाकर के कब्जे से चढ़ी भट्ठी में तैयार 07 लीटर महुआ शराब एवं 15 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इसी प्रकार ग्राम खुसरूपाली, थाना बसना में मोहपाल कोसरिया के मकान की तलाशी के दौरान प्लास्टिक डिब्बों में रखी 30 लीटर महुआ शराब एवं 900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया।

इसी क्रम में ग्राम सलखंड के जंगल में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 45 लीटर महुआ शराब एवं 08 बोरियों में रखा 400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। वहीं आबकारी वृत्त बागबाहरा अंतर्गत ग्राम सरायपाली-सुअरमाल में कमल प्रसाद टण्डन के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब तथा ग्राम बोकरामुड़ा थाना बागबाहरा में दोलोराम गोड़ के कब्जे से 07 लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उक्त प्रकरणों में 03 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 39, 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर मदिरा एवं महुआ लाहन की जब्ती की कार्रवाई की गई तथा आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वहीं 01 आरोपी फरार है तथा 01 प्रकरण में आरोपी अज्ञात है, जिसकी तलाश एवं विवेचना की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग की टीम द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में टोल फ्री नंबर 07723-299317 तथा राज्य स्तर पर टोल फ्री नंबर 14405 स्थापित किया गया है। नागरिक अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन अथवा संग्रहण से संबंधित सूचना इन नंबरों पर दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त मनपसंद एप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

गुमा स्कूल में विद्यार्थियों को दी करियर विकल्पों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को 10वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी देना रहा।

आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या शिम्पी सिंह ने विद्यार्थियों को रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप करियर चयन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच को सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में अल्ट्राटेक रावन के विभिन्न विभागों से अस्वथि पिल्लई (मानव संसाधन), एकता मिश्रा (क्वालिटी कंट्रोल), जया चौधरी (अल्टरनेट फ्यूल रिसोर्स) एवं मोनिश्का श्रीवास्तव (मटेरियल) ने अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने करियर से जुड़े सवाल पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य एस.के. खटकर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए उपयोगी बताया। आयोजन में सीएसआर हेड निरुपा श्रीवास्तव, ज्योस्तना पति, रंजय पाण्डेय सहित सीएसआर टीम का सहयोग रहा।

एसबीआई आरसेटी में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बलौदाबाजार द्वारा आयोजित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को असेसमेंट के साथ हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों को राजमिस्त्री कार्य से संबंधित आवश्यक सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री, औजारों का सही उपयोग, ईंट एवं सीमेंट से संबंधित कार्य, चिनाई, प्लास्टर, माप-जोख तथा निर्माण कार्य में आवश्यक सावधानियों सहित विभिन्न तकनीकी विषयों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण के अंतिम चरण में प्रशिक्षार्थियों का असेसमेंट छत्तीसगढ़ राज्य एसेसर अरुण सोनी के मार्गदर्शन में एसेसर समीर कुंडु एवं डोमेन एसेसर रमाशंकर मशराम द्वारा संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया तथा सभी प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन किया।

अग्रणी बैंक प्रबंधक शिवकुमार कंवर द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण से संबंधित टूलकिट का वितरण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल का उपयोग करते हुए रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा अपने कौशल को व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक बैजनाथ कुमार ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल को आत्मविश्वास के साथ अपने कार्यक्षेत्र में उपयोग करें। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने, अपनी आय बढ़ाने तथा आवश्यकता पड़ने पर बैंकिंग एवं ऋण सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 855/RTO/26 दिनांक 10/09/2026
श्री हरि प्रसाद राठौर (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस लिमिटेड (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन अस्र पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 बी.व्ही. 0924 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2(3) के तहत मोटर वाहन की स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51(5) के साथ।
तारीख.....
Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
• नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर
एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज,
न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



सेवानिवृत्त 9 प्राचार्यों की विदाई संघ ने किया अभिनंदन

खरोरा। प्राचार्य संघ विकासखंड तिल्दा के तत्वावधान में पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में विकासखंड स्तरीय विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त हुए नौ प्राचार्यों को सम्मानित कर उनके दीर्घ शासकीय सेवाकाल एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को स्मरण किया गया। सम्मानित होने वालों में आशाराम वर्मा मांठ, सोनचंद वर्मा बहेसर, तुलाराम वर्मा भिभौरी, पुरुषोत्तम देवांगन बंगोली, शिवरतन लाल तरपोंगी, प्रभुदयाल वर्मा सत-सतभांवा, जीवनलाल देवांगन गुजरा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा किरना तथा आर.पी. दास ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, तिल्दा शामिल रहे। संघ की ओर से सभी को मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र, चांदी का सिक्का, शॉल एवं श्रीफल भेंट किया गया। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा एवं विशिष्ट अतिथि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलके जाहिरे ने सेवानिवृत्त प्राचार्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में उनकी सेवाएं एवं अनुभव आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्यों ने सेवाकाल के अनुभव साझा किए।

विश्व रेबीज दिवस पर लगा निशुल्क टीकाकरण शिविर



खरोरा। नगर के पशु चिकित्सालय में विश्व रेबीज दिवस पर निशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पंचायत खरोरा क्षेत्र सहित आसपास के अधीनस्थ गांव के पशु प्रेमियों द्वारा 15 श्वानों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय खरोरा के प्रभारी डॉ. रश्मि गुप्ता पशु चिकित्सक सहायक शल्यज्ञ द्वारा श्वानों का नियमित टीकाकरण, रखरखाव, कृमिनाशक खानपान के बारे में पशुपालकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। उक्त जानकारी पशुचिकित्सालय खरोरा के कर्मचारी सी.एल देवांगन ने दी।

कृषि उपज मण्डी पनगांव में सेवा सेतु शिविर आज

बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार 1 अक्टूबर को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत कृषि उपज मण्डी परिसर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे और जिला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आवेदन लेने के लिये काउंटर की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प भी लगाया जाएगा, जिसमें पैथोलॉजी जांच, सामान्य चिकित्सकीय जांच, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग, अस्थि रोग विशेषज्ञ, एचपीव्ही टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, दवा वितरण आदि की सुविधा मिलेगी।

निधन

मन्नू लाल साहू

बलौदाबाजार। पुरानी बस्ती निवासी मन्नू लाल साहू, पिता स्व. महेश साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों



एवं परिचितों में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 10 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम, बलौदाबाजार में किया जाएगा।

राहुल सोनी

पलारी। नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 11 के प्रतिष्ठित नागरिक राहुल सोनी 32 वर्ष का निधन हो



गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए । वे सरोजनी सोनी पुत्र, अंजू सोनी के पति लवी सोनी के पिता तथा ललित सोनी, धनंजय सोनी के भाई थे।

सकलोर में पोषण माह समारोह में कुपोषण मुक्त समाज का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ग्राम सकलोर में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से ग्राम पंचायत सकलोर के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल कुपोषण को दूर करना तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से हितग्राहियों को दी जा रही विभिन्न सेवाओं एवं शासन की योजनाओं की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम सकलोर की सरपंच ममता वेद प्रकाश वर्मा ने कहा कि स्वस्थ एवं सुपोषित बच्चे ही देश का भविष्य हैं। बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों एवं महिलाओं से बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार देने तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले पोषण आहार का पूरा लाभ दिलाकर उनके पोषण स्तर में सुधार किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे।

कार्यक्रम में स्वच्छता, पोषण, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की नियमित जांच के संबंध में भी जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

पोषण का पाठ, स्वस्थ समाज की शुरुआत



स्वस्थ बच्चों के लिए पोषण पर जोर

आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में सब्जी-भाजी के लिए मुनगा (सहजन) का पौधा भी लगाया गया। इसके पश्चात बच्चों को पौष्टिक स्वल्पाहार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानस्वरूप प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना रहा।

आधा दर्जन रिटायर कर्मचारियों का शाल-श्रीफल से सम्मान

सेवानिवृत्त पर सम्मान के साथ कलेक्टर ने कर्मचारियों को सौंपे पेंशन पेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए 6 शासकीय सेवकों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को शाल-श्रीफल से सम्मानित किया एवं उन्हें पेंशन पेमेंट आर्डर की प्रति सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने लम्बे समय तक जनसेवा एवं भावी पीढ़ी तैयार करने में अहम भूमिका निभाने के लिये बधाई दी तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन हेतु शुभकामनाये भी दी।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन आदेश की कॉपी दी जाए और स्वत्वों का भी भुगतान करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने सभी कर्मियों को परिवार और समाज को अधिक से अधिक समय देने कहा।

सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों में पुलिस विभाग से दिनेश कुमार शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग से गीता राम साहू, जया सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग से रोहित लाल साहू, कन्हैया लाल ध्रुव एवं देवेंद्र कुमार वर्मा शामिल हैं। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।







सवारी भरने को लेकर विवाद, बस चालक से मारपीट का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर के बस स्टैंड में सवारी भरने को लेकर ई-रिक्शा चालक और बस चालक के बीच विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 812/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 115(2) एवं 3(5) के तहत प्रकरण कायम किया है। इन धाराओं में अश्लील कृत्य/गाली-गलौज, आपराधिक धमकी, मारपीट से चोट पहुंचाने और सामूहिक आशय से किए गए कृत्य से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। बताया गया कि सवारी भरने को लेकर विवाद बढ़ने पर बस चालक के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई, जिसमें उसके सिर में चोट आई। घायल चालक का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। घटना के विरोध में बलौदाबाजार मार्ग पर संचालित बसों के चक्के भी कुछ समय के लिए थम गए।

बस संचालकों और चालकों ने बस स्टैंड में ई-रिक्शा चालकों द्वारा विवाद और मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि सवारी भरने को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। हालांकि, ई-रिक्शा चालकों का पक्ष सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हितग्राहियों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक एवं परिवार तक पहुंचाने तथा जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 28 से 30 सितंबर तक सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति महाविद्यालय कसडोल के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत कसडोल के पार्षद पुनेश्वर नाथ मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य शीतल बंजारे ने की। शिविर में विशेष रूप से खाद्य विभाग के उपसचिव विभोर अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच गोरेलाल पैकरा, समाजसेवी गणेश साहू, जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, खाद्य निरीक्षक शीतलेश यादव, सहकारी समिति प्राधिकृत अधिकारी एवं जिला सहकारी बैंक प्रबंधक रोहित जायसवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।





राशन कार्ड से जुड़ी सुविधाओं की दी जानकारी

सेवा सेतु कैंप में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई। हितग्राहियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, वन नेशन-वन राशन कार्ड सहित विभिन्न राशन कार्डों में पात्रता संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया गया। वहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं राज्य योजना के अंतर्गत राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी हितग्राहियों को प्रदान की गई।

खाद्यान्न के सैंपल भी किए गए प्रदर्शित

अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्यान्न की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित होने वाले खाद्यान्न एवं अन्य राशन सामग्री चावल, चना, नमक, शक्कर एवं गुड़ के सैंपल भी शिविर में प्रदर्शित किए गए। शिविर में खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सहकारी समिति के कर्मचारी तथा विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में हितग्राही एवं किसान उपस्थित रहे।

12 गांवों के 12 शासकीय विद्यालयों के 166 नवप्रवेशित बच्चों को स्कूल बैग एवं पानी की बोतल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हिरमी सीमेंट वर्क्स द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत शिक्षा सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 12 गांवों के 12 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में नवप्रवेशित 166 विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं पानी की बोतल वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उनके विद्यालयीन जीवन को सुगम बनाना तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम प्रतिनिधि, विद्यार्थियों के अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। उन्होंने हिरमी सीमेंट वर्क्स द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे इस सहयोग की सराहना करते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्कूल बैग एवं पानी की बोतल उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया।प्रबंधन ने इस पहल को प्राथमिक शिक्षा के विकास की दिशा में एक आवश्यक कदम बताते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि एवं प्रोत्साहन बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसी अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।



छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज में मयंक प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2026 में टुण्डरी निवासी मयंक वर्मा ने 155.76 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ एवं कन्नौजिया कुर्मी एकता मंच द्वारा



किया गया था। 9 अगस्त को आयोजित परीक्षा में प्रदेशभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मयंक को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वर्तमान में वे कृषि उपज मंडी रायगढ़ में मंडी इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। उनके पिता राजकुमार वर्मा प्रधान पाठक तथा माता सुमित्रा देवी वर्मा गृहिणी हैं।

मयंक की सफलता पर कन्नौजिया कुर्मी एकता मंच सहित समाज के लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सोनाखान अंचल के मार्ग की मरम्मत नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन : युधिष्ठिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

बिलाईगढ विधानसभा के अंतर्गत शहीद वीर नारायण सिंह जी की वीर भूमि और परम पूज्य बाबा घासीदास जन्म भूमि जाने का बया, राजादेवरी, सोनाखान, मार्ग आज जर्जर होने के साथ ही साथ जानलेवा साबित होने जा रही है, इस मार्ग की सुध लेने





वाले कोई नहीं है। इसके साथ बानीखार, बिलारी, सलिहा मार्ग, थरगांव से बिजेमाल मार्ग, पूर्ण रूप से जर्जर व बदहाल है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने छत्तीसगढ़ शासन के विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस जानलेवा पुल पुलिया, एवं सड़क का तत्काल मरम्मद करते हुए, सड़क को नया बनाया जाय, अन्यथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहुत जल्द ही सड़क मार्ग के खिलाफ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य की जाएगी।

छात्राओं के व्यक्तित्व का होगा विकास

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिज्ञासा बॉक्स की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लवन तथा शासकीय हाई स्कूल बरदा में जिज्ञासा बॉक्स की स्थापना की गई। जिज्ञासा बॉक्स की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को उनकी शैक्षणिक, सामाजिक, व्यक्तिगत, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित जिज्ञासाओं तथा समस्याओं को निःसंकोच अभिव्यक्त करने हेतु एक सुरक्षित एवं गोपनीय माध्यम उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से छात्राएं बिना अपना नाम अंकित किए अपनी जिज्ञासा, प्रश्न अथवा समस्या लिखकर जिज्ञासा बॉक्स में डाल सकेंगी।





मिशन शक्ति हब की टीम द्वारा प्राप्त जिज्ञासाओं का परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार विषय-विशेषज्ञों के सहयोग से समाधान उत्तर उपलब्ध कराया जाएगा। आवश्यकता होने पर छात्राओं को संबंधित विभागीय सेवाओं, परामर्श एवं सहायता तंत्र से भी जोड़ा जाएगा। इस प्रक्रिया में छात्राओं की गोपनीयता एवं गरिमा को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिज्ञासा बॉक्स की स्थापना से विद्यालयीन छात्राओं को अपनी बात निर्भीकता, सहजता एवं गोपनीयता के साथ रखने का अवसर प्राप्त होगा तथा उनकी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं के समयबद्ध निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल सुनिश्चित होगी। यह पहल बालिकाओं में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता, जागरूकता एवं अधिकार-बोध विकसित करने तथा उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

